# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 14 अप्रैल 2024, रविवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा महाराष्ट्र के साकोली में आयोजित जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु

**महाराष्ट्र की जनता मोदी जी को तीसरी बार भी प्रधानमंत्री बनाएगी**

********************

**कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब अंबेडकर का अपमान किया**

********************

**भाजपा ने बहुमत का उपयोग देशहित में किया है**

********************

**कांग्रेस 3-3 पीढ़ियों से गरीबी हटाओ का नारा देती आई है**

********************

**उद्धव और पवार साहब के पुत्र-पुत्री मोह ने उनकी पार्टी को तोड़ा है**

********************

**भाजपा देश में यूसीसी और वन नेशन-वन इलेक्शन लागू करेगी**

********************

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज रविवार को महाराष्ट्र के साकोली में जनसभा को संबोधित किया। इस कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र उपमुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फड़णवीस, राज्यसभा सांसद श्री प्रफुल्ल पटेल, भाजपा प्रभारी डॉ दिनेश शर्मा और भंडारा-गोंदिया प्रत्याशी श्री सुनील मेंढ़े सहित अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे। श्री शाह ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें नमन किया। श्री अमित शाह ने कहा कांग्रेस गरीबी हटाने का केवल वादा कर रही है, लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा के ऊपर उठाकर दिखाया है। उन्होंने मोदी सरकार की 10 वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कांग्रेस पर जनमकर निशाना साधा और भाजपा को 400 से अधिक सीटों पर विजय बनाने का आह्वान किया।

श्री अमित शाह ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने भारत को विश्व का सर्वाधिक न्यायप्रिय और सबको समान अधिकार देने वाला संविधान दिया है। कांग्रेस आज घर-घर जाकर बाबा साहब के नाम पर वोट मांगती है, लेकिन इसी कांग्रेस ने 1954 में बाबा साहब के खिलाफ मोर्चा खोला था और बाबा साहब को हराने के लिए कांग्रेस ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। इसी **कांग्रेस ने पांच दशक तक शासन करने के बावजूद बाबा साहब को भारत रत्न देकर सम्मानित नहीं किया, लेकिन भाजपा ने बाबा साहेब से जुड़े हुए पांच तीर्थ स्थानों को सम्मानित कर, उन्हें युगों-युगों तक अमर किया है।** कांग्रेस जनता में झूठ बोलकर भ्रम फैला रही है कि अगर भाजपा 400 सीटों पर जीत गई तो आरक्षण समाप्त कर देगी। **सत्य तो ये है कि भाजपा के पास दो कार्यकाल से पूर्ण बहुमत है, लेकिन भाजपा ने अपने पूर्ण बहुमत का**

**उपयोग आरक्षण नहीं, धारा 370 और तीन तलाक को समाप्त करने के लिए किया है।** जबतक भारतीय जनता पार्टी राजनीति में है, तबतक न तो भाजपा आरक्षण हटाएगी और न ही हटाने देगी। जनता का एक-एक वोट माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को लगातार तीसरी बार विजयी बनाने के काम आएगा।

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले 10 वर्षों कार्यकाल में अपने सभी वादों को पूरा किया है। लेकिन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्मीर और देश के अन्य राज्यों के रिश्ते पर प्रश्न खड़े करते हैं, लेकिन खड़गे को ये नहीं पता कि भंडारा गोंदिया सहित पूरे महाराष्ट्र का एक-एक युवा कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है। **कांग्रेस ने वर्षों तक राम मंदिर के मुद्दे पर राजनीति की लेकिन भाजपा सरकार बनने पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कर, उन्हें भव्य मंदिर में विराजमान किया।** आगामी 17 तारीख को 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद प्रभु श्री राम अपना जन्मदिन अपने भव्य मंदिर में मनाएंगे। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने राम मंदिर के अलावा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, बद्रीनाथ, केदारनाथ और सोमनाथ मंदिर का भी पुनरुत्थान किया है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत की सभी सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजते हुए देश को सुरक्षित और समृद्ध बनाया है। कांग्रेस शासन में आए दिन देश में आतंकवादी हमले होते थे और कांग्रेस कोई कार्रवाई नहीं कर पाती थी, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल और एयरस्ट्राइक कर 10 दिन के अंदर उरी और पुलवामा का जवाब दिया। भाजपा सरकार ने महाराष्ट्र, उड़ीसा, तेलंगाना, बिहार और झारखंड से नक्सलवाद को भी समाप्त कर दिया है। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की तीसरी बार सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ से भी नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा, ये मोदी की गारंटी है।**

कांग्रेस के घोषणापत्र पर निशाना साधते हुए श्री अमित शाह ने कहा कि **राहुल गांधी ने अपने घोषणापत्र में गरीबी हटाने का संकल्प लिया है, जो विश्वसनीय नहीं है। कांग्रेस पार्टी पिछली तीन पीढ़ियों से गरीबी हटाने का वादा कर रही है, लेकिन इंदिरा गांधी और राजीव गांधी अपने कार्यकाल में गरीबी नहीं हटा पाए। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा के ऊपर उठाने का काम किया है।** भारतीय जनता पार्टी ने माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन में 80 करोड़ लोगों को प्रतिमाह प्रतिव्यक्ति नि:शुल्क राशन प्रदान किया है। मोदी सरकार द्वारा 12 करोड़ से ज्यादा घरों में शौचालय बनाने का काम, 4 करोड़ लोगों को घर देने का काम, 10 करोड़ से अधिक माताओं बहनों को उज्जला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया गया है। **आज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने संकल्प पत्र में 3 करोड़ और घर बनाने का वादा किया है और इसके साथ ही पाइपलाइन से गैस पहुंचाने का काम अगले 5 वर्षों में किया जाएगा। कांग्रेस के कार्यकाल में किसान कल्याण बजट 22 हजार करोड़ था, मोदी सरकार ने इस बजट को 1 लाख 25 हजार करोड़ तक बढ़ाया है।**

**श्री अमित शाह ने कहा कि** कांग्रेस शासन में धान खरीदी की महत्तम सीमा 475 लाख मीट्रिक टन थी, मोदी सरकार ने उसे बढ़ाकर 830 लाख मीट्रिक टन किया है। **भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने समृद्धि मार्ग को नागपुर से गोंदिया तक विस्तारित करने का कार्य किया है।** दोनों जिलों में पक्की सड़क बनाने का काम किया, लगभग 1 लाख घर, 7 लाख आयुष्मान कार्ड, 100 बिस्तरों की क्षमता वाला अस्पताल बनाने का काम किया, 2 लाख 10 हजार माताओं को गैस का कनेक्शन और 2 लाख 40 हजार लोगों को नल से जल देने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। श्री अमित शाह ने राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रमुख **शरद पवार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार का हिस्सा होने के बाद भी महाराष्ट्र**

**के विकास के लिए क्या कदम उठाए?** कांग्रेस ने महाराष्ट्र के लिए 1 लाख 91 हजार करोड़ रुपये खर्च किए थे, इसके विपरीत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले एक दशक में 7 लाख 15 हजार करोड़ देने का काम किया। 2 लाख 90 हजार करोड़ सड़क, रेल्वे और एयरपोर्ट के विकास के लिए आवंटित किए गए हैं।

इंडी गठबंधन पर हमला करते हुए श्री शाह ने कहा कि **उद्धव ठाकरे के पुत्रमोह ने शिवसेना और शरद पवार के पुत्रीमोह ने एनसीपी का खंडन किया है। महाराष्ट्र में आधी शिवसेना और आधी एनसीपी ने पूरी कांग्रेस को आधा करने का काम कर दिया है। तीन आधी पार्टियां महाराष्ट्र का कैसे भला कर सकती हैं? महाराष्ट्र का विकास माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में भाजपा, शिवसेना और एनसीपी की सरकार मिलकर कर सकती है।** माननीय प्रधानमंत्री जी ने समग्र विश्व में भारत को आगे बढ़ाने का काम किया है, हाल में आयोजित जी20 में भारत की अध्यक्षता ने देश की कूटनीति का परचम विश्व में लहराया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 10 वर्ष कांग्रेस के कुशासन को साफ करने में लगे हैं, अगले 5 वर्षों में महान भारत की रचना का कार्य आरंभ होगा और 2047 तक इसे पूर्ण किया जाएगा।

श्री अमित शाह ने कहा कि **देश में भाजपा सरकार आने के बाद समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी, पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाएंगे, 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के इलाज का खर्च सरकार उठाएगी, 3 करोड़ लखपति दीदी बनाया जाएगा, 3 करोड़ पक्के घर बनाए जाएंगे, पाइप लाइन का माध्यम से गैस हर घर पहुंचाने का कार्य शुरू होगा और पीएम सूर्य घर से गरीब के घर की बिजली का बिल शून्य करने का काम किया जाएगा। भाजपा सरकार पेपर लीक के खिलाफ कठोर कानून बनाकर नौकरी की पारदर्शी व्यवस्था बनाएगी। इसके अलावा भाजपा तीसरी बार सरकार में आने पर इन्फ्रास्ट्रक्चर, इन्वेस्टमेंट, मैन्यूफैक्चरिंग, हाई वैल्यू सर्विसेज, स्टार्टअप, पर्यटन और खेल के क्षेत्र में युवाओं के लिए लाखों अवसर सृजित करेगी और 2036 ओलंपिक की मेजबानी भारत में होना सुनिश्चित करेगी।**

श्री शाह ने कहा कि **एक ओर राहुल गांधी के नेतृत्व में परिवारवादी पार्टियों का गठबंधन है जो अपने बेटे, बेटी और भतीजे को सत्ता तक पहुंचाना चाहते हैं और दूसरी ओर गरीब के घर में पैदा हुए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं, जिन्होंने 23 वर्षों से लगातार बिना कोई अवकाश लिए देशसेवा की है। एक ओर 12 लाख करोड़ रुपए को घोटाले करने वाली कांग्रेस है वहीं दूसरी ओर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जिन पर 23 वर्ष तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालने के बाद भी भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है।** एक ओर अपने वोट बैंक के लिए देश की सुरक्षा को ताक पर रखने वाला घमंडिया गठबंधन है और दूसरी ओर सेना के जवानों को 'वन रैंक वन पेंशन' देकर आतंकवाद को समाप्त करने वाली मोदी सरकार है। श्री शाह ने जनता को उनके मत की अहमियत समझाते हुए कहा कि स्थानीय प्रत्याशी श्री सुनील मेंढ़े को दिया हुआ जनता का एक-एक वोट माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार विजयी बनाते हुए भारत को सुरक्षित और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाएगा। श्री शाह ने स्थानीय प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर देश में फिर एक बार मोदी सरकार और एनडीए को 400 पार कराने की अपील की।

**************************